# रेल टिकट कैंसिल के बदले नियम

## समय से तय होगा रिफंड, दलालों पर रोक, यात्रियों को नई सुविधाएं

**नई दिल्ली, 24 मार्च. देशभर के करोड़ों रेल यात्रियों के लिए बड़ा बदलाव सामने आया है. भारतीय रेलवे ने कन्फर्म टिकट कैंसिलेशन के नियमों में अहम संशोधन किया है, जिसके तहत अब रिफंड ट्रेन के चलने से पहले बचे समय के आधार पर तय होगा.**

यह नई व्यवस्था 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 के बीच चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी. रेल मंत्रालय के इस फैसले का उद्देश्य टिकटों की कालाबाजारी पर रोक लगाना और सिस्टम को अधिक पारदर्शी बनाना है. अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कुछ लोग बड़ी संख्या में टिकट बुक कर लेते थे और बाद में उन्हें कैंसिल कर फायदा उठाते थे. नए नियम इस तरह की गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए लाए गए हैं. इसके साथ ही यात्रियों को बोर्डिंग स्टेशन बदलने की सुविधा भी अधिक लचीली बनाई गई है, जिससे यात्रा में आसानी बढ़ेगी. भारतीय रेलवे द्वारा टिकट कैंसिलेशन नियमों में किया गया यह बदलाव यात्रियों और रेलवे सिस्टम दोनों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है. नए नियमों के तहत अब टिकट कैंसिल करने पर मिलने वाला रिफंड पूरी तरह इस बात पर निर्भर करेगा कि ट्रेन के प्रस्थान समय से कितनी देर पहले टिकट रद्द किया गया है. यदि कोई यात्री ट्रेन के चलने से 72 घंटे पहले टिकट कैंसिल करता है, तो उसे अधिकतम रिफंड मिलेगा और केवल निर्धारित कैंसिलेशन शुल्क ही काटा जाएगा. वहीं, 72 से 24 घंटे के बीच टिकट कैंसिल करने पर किराए का 25 प्रतिशत तक काटा जाएगा. इसके बाद यदि 24 से 8 घंटे के बीच टिकट रद्द किया जाता है, तो 50 प्रतिशत किराया काट लिया जाएगा. सबसे सख्त नियम उन यात्रियों के लिए है जो ट्रेन के चलने से 8 घंटे से कम समय पहले टिकट कैंसिल करते हैं—ऐसे मामलों में कोई रिफंड नहीं मिलेगा.



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पहले कुछ दलाल बड़ी संख्या में टिकट बुक कर लेते थे और बाद में समय रहते उन्हें कैंसिल कर देते थे, जिससे उन्हें ज्यादा रिफंड मिल जाता था. इस वजह से आम यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलने में परेशानी होती थी. नए नियमों में एक और महत्वपूर्ण बदलाव बोर्डिंग स्टेशन बदलने को लेकर किया गया है. अब यात्री ट्रेन के निर्धारित समय से 30 मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग स्टेशन बदल सकते हैं. पहले यह सुविधा केवल चार्ट तैयार होने से पहले तक ही सीमित थी.

# गेहूं मजबूत, चीनी और दालें नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, 24 मार्च.** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल की औसत कीमत स्थिर रही. गेहूं में तेजी रही जबकि चीनी और दालों के दाम घट गये. खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया. औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 3,851 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा. गेहूं सात रुपये महंगा हुआ और 2,813 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया. आटे की कीमत भी नौ रुपये बढ़ गयी. दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव नरमी रही. मसूर दाल की औसत कीमत 28 रुपये और तुअर दाल की 24 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी. मूंग दाल में 20 रुपये और चना दाल में 12 रुपये की गिरावट रही. उड़द दाल के भाव में टिकाव देखा गया.

# संकट के बीच मजबूत भारत की अर्थव्यवस्था

**ईरान युद्ध के बावजूद ग्रोथ और मांग बनी मजबूत**

**वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वृद्धि दर मजबूत बनी हुई है.**



**नई दिल्ली, 24 मार्च. वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितता और मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती बरकरार है. भारतीय रिजर्व बैंक के ताजा मासिक बुलेटिन में कहा गया है कि ईरान से जुड़े युद्ध और वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव के बावजूद भारत की आर्थिक स्थिति स्थिर और मजबूत बनी हुई है.**

रिपोर्ट के अनुसार, 2025-26 के लिए जीडीपी के दूसरे अग्रिम अनुमान भी इस मजबूती की पुष्टि करते हैं. फरवरी महीने में आर्थिक गतिविधियों में तेजी देखी गई, जबकि महंगाई में बढ़ोतरी मुख्य रूप से खाद्य और पेय पदार्थों की कीमतों के कारण हुई. आरबीआई ने यह भी बताया कि देश में लिक्विडिटी पर्याप्त है, व्यापारिक क्षेत्र को वित्तीय सहायता बढ़ रही है और विदेशी मुद्रा भंडार भी मजबूत स्थिति में है, जिससे बाहरी झटकों से निपटने में मदद मिल रही है. भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर जारी अस्थिरता के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था लचीली और मजबूत बनी हुई है. मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव, खासकर मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष ने ऊर्जा आपूर्ति, सप्लाई चेन और वैश्विक व्यापार को प्रभावित किया है, लेकिन भारत ने इन चुनौतियों के बीच संतुलन बनाए रखा है.

रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि यह वैश्विक संकट लंबा चलता है, तो इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है. भारत जैसे देश, जो कच्चे तेल के आयात पर निर्भर हैं, उन्हें विशेष सतर्कता बरतनी होगी. इसके बावजूद, भारत ने अपने तेल आयात के स्रोतों में विविधता लाकर और रिफाइनिंग क्षमता बढ़ाकर जोखिम को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं. आर्थिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वृद्धि दर मजबूत बनी हुई है.

# टाटा पावर के मुंद्रा संयंत्र से फिर शुरू होगी बिजली आपूर्ति

## गुजरात ऊर्जा विकास निगम संग समझौता

**नई दिल्ली, 24 मार्च।** गुजरात के मुंद्रा स्थित टाटा पावर संयंत्र में बिजली उत्पादन फिर शुरू होगा। कंपनी ने राज्य सरकार के गुजरात ऊर्जा विकास निगम के साथ पूरक ऊर्जा खरीद समझौता किया है।

टाटा पावर ने मंगलवार को शेयर बाजारों को बताया कि कंपनी ने जीयूवीएनएल के साथ पूरक ऊर्जा खरीद समझौता किया है और इसी तरह से समझौते महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा की सरकारों के साथ भी किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि कोयले की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण नुकसान का हवाला देकर कंपनी ने बिजली उत्पादन बंद कर दिया था। नये समझौते में प्रावधान है कि कोयले के दाम बढ़ने की स्थिति में कंपनी बिजली के दाम बढ़ा सकेगी। इससे पहले 20 मार्च को कंपनी ने बताया था कि गुजरात सरकार के मंत्रिमंडल ने टाटा पावर के मुंद्रा संयंत्र से बिजली खरीदने के लिए पूरक ऊर्जा खरीद समझौते (पीपीए) को मंजूरी प्रदान कर दी थी।




# जोमैटो के बाद स्विगी ने भी बढ़ाई प्लेटफॉर्म फीस

**नई दिल्ली, 24 मार्च.** ऑनलाइन फूड डिलीवरी का खर्च अब और बढ़ गया है. जोमैटो के बाद अब स्विगी ने भी अपनी प्लेटफॉर्म फीस में 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है. कंपनी ने यह फीस 14.99 से बढ़ाकर 17.58 कर दी है. यह पिछले सात महीनों में चौथी बार है जब स्विगी ने प्लेटफॉर्म फीस बढ़ाई है. इस बदलाव के बाद स्विगी और जोमैटो दोनों की प्लेटफॉर्म फीस लगभग एक समान हो गई है.

साल 2023 में प्लेटफॉर्म फीस केवल 2 रुपए थी, लेकिन लगातार बढ़ोतरी के चलते यह अब 17 रुपए के पार पहुंच गई है. कंपनियों के मुताबिक, प्लेटफॉर्म फीस अब उनकी कमाई का बड़ा स्रोत बन गई है, क्योंकि रेस्टोरेंट मालिक कमीशन बढ़ाने का विरोध कर रहे हैं.

# अहमदाबाद मंडल का माल लदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अहमदाबाद, 24 मार्च. पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में माल लदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 23 मार्च 2026 तक50.10 मिलियन टन का आंकड़ा सफलतापूर्वक पार कर लिया है. यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग4 मिलियन टन अधिकहै, जो मंडल की सतत प्रगति एवं कार्यकुशलता को दर्शाता है.**



मंडल रेल प्रबंधकश्री वेद प्रकाशके नेतृत्व में अहमदाबाद मंडल केपरिचालन एवं वाणिज्य विभागो की टीम द्वारा अपनाई गई प्रभावी रणनीतियों—जैसे रीयल-टाइम मॉनिटरिंग, त्वरित निर्णय प्रक्रिया एवं संसाधनों का उपयोग—ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया. उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व वित्तीय वर्ष 2022-23 में मंडल द्वारा 50.38 मिलियन टन का सर्वोच्च लदान दर्ज किया गया था. वर्तमान वित्तीय वर्ष में पुन: 50 मिलियन टन का आंकड़ा पार करना अहमदाबाद मंडल की निरंतर प्रगति एवं उच्च कार्य निष्पादन क्षमता को दर्शाता है. अहमदाबाद मंडल द्वारा मालगाड़ियों के सुचारु एवं समयबद्ध संचालन, रेक की प्रभावी उपलब्धता एवं उपयोग, टर्नअराउंड समय में कमी तथा लोडिंग-अनलोडिंग प्रक्रियाओं के कुशल प्रबंधन के माध्यम से इस लक्ष्य को प्राप्त किया गया है. साथ ही, ग्राहकों के साथ सतत संवाद, नई संभावनाओं की पहचान एवं ग्राहक-अनुकूल सेवाओं के विस्तार से माल लदान में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित की गई है.

अहमदाबाद मंडल द्वारा कोयला, सीमेंट, उर्वरक, कंटेनर एवं पेट्रोलियम उत्पादों सहित विभिन्न वस्तुओं के लदान में निरंतर वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे न केवल रेलवे के राजस्व में वृद्धि हुई है, बल्कि क्षेत्रीय औद्योगिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिली है.



# सोना-चांदी सस्ते, सर्राफा बाजार में लगातार गिरावट

**नई दिल्ली, 24 मार्च.** घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में लगातार गिरावट का सिलसिला जारी है. सोना और चांदी के दामों में आई इस नरमी ने निवेशकों और ग्राहकों दोनों का ध्यान अपनी ओर खींचा है. मंगलवार को शुरुआती कारोबार के दौरान भी कीमतों में कमजोरी का रुख देखने को मिला. देश के प्रमुख बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,35,640 रुपये से 1,35,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,24,340 रुपये से 1,24,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बना हुआ है. वहीं चांदी की कीमत भी गिरकर करीब 2,29,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है. कि अंतरराष्ट्रीय संकेतों और मांग में कमी के कारण सर्राफा बाजार में यह गिरावट देखने को मिल रही है, जिससे आने वाले दिनों में कीमतों में और उतार-चढ़ाव संभव है. देश के सर्राफा बाजार में इस समय सोना और चांदी की कीमतों में लगातार गिरावट का रुख बना हुआ है.

दक्षिण भारत के बाजारों में भी यही रुझान देखने को मिल रहा है. चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे शहरों में सोने की कीमतें 1,35,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास बनी हुई हैं. पूर्वी भारत में कोलकाता और पटना में भी सोने के भाव में गिरावट का असर साफ दिखाई दे रहा है. इसी तरह लखनऊ और जयपुर में भी कीमतें लगभग समान स्तर पर बनी हुई हैं. चांदी की कीमतों में भी गिरावट का रुख जारी है और दिल्ली सर्राफा बाजार में यह 2,29,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है. विशेषज्ञों के अनुसार, वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव, डॉलर की मजबूती और मांग में कमी जैसे कारक इस गिरावट के पीछे मुख्य वजह हैं.

# शेयर बाजारों में लौटी तेजी

**1,372 अंक चढ़ा सेंसेक्स**

**399 अंक की बढ़त पर रहा निफ्टी**



**मुंबई, 24 मार्च. विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी रही.**

बीएसई का सेंसेक्स 21 महीने के निचले स्तर से उबरता हुआ 1,372.06 अंक (1.89 प्रतिशत) चढ़कर 74,068.45 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 399.75 अंक यानी 1.78 फीसदी की बढ़त में 22,912.40 अंक पर पहुंच गया. बाजार में चौतरफा लिवाली रही. मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.74 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.63 प्रतिशत चढ़ गया. ऑटो, वित्त, मीडिया, बैंकिंग, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रसायन, धातु, रियलटी, स्वास्थ्य, आईटी और एफएमसीजी समेत सभी सेक्टरों में अच्छी मजबूती रही. सेंसेक्स की कंपनियों में एलएंडटी और इंडिगो के शेयर पांच प्रतिशत से अधिक उछले. इटरनल, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट में चार से पांच प्रतिशत की तेजी रही. टेक महिंद्रा, अडानी पोर्ट्स और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में तीन से चार प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गयी.

# जिंदल स्टेनलेस ने स्टील मेल्ट शॉप का किया शुभारंभ

**नयी दिल्ली, 24 मार्च (वार्ता)** जिंदल स्टेनलेस ने अपनी मेल्टिंग क्षमता 40 प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा के दो साल के भीतर इंडोनेशिया में 12 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता वाले स्टेनलेस स्टील मेल्ट शॉप का संचालन शुरू कर दिया है. कंपनी ने बताया कि इससे उसकी कुल मेल्टिंग क्षमता बढ़कर 42 लाख टन सालाना हो जायेगी. इसमें देश में 30 लाख टन की क्षमता भी शामिल है. जिंदल स्टेनलेस ने संयुक्त उद्यम के तहत इंडोनेशिया में यह प्लांट विकसित किया है.मेल्टिंग क्षमता में वृद्धि के साथ ही कंपनी ओडिशा के जाजपुर में 11 लाख टन सालाना की नयी हॉट रोल्ड एनील्ड पिकल्ड लाइन और 1.7 लाख टन की कोल्ड रोलिंग क्षमता शुरू करने की तैयारी कर रही है. ये दोनों लाइन क्रमश: वित्त वर्ष 2026-27 की चौथी तिमाही और दूसरी तिमाही तक शुरू होने की उम्मीद है. ये कार्य पहले से घोषित 1,900 करोड़ रुपये के व्यय के तहत किये जाएंगे. उत्पादन श्रृंखला के अगले चरण में कंपनी ने अपनी कोल्ड रोलिंग क्षमता को और मजबूत बनाने के लिए हिसार और खड़गपुर में 900 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की है, जिन्हें वित्त वर्ष 2027-28 की दूसरी तिमाही तक संचालित किया जायेगा. इन विस्तार परियोजनाओं के बाद कंपनी की कोल्ड रोलिंग क्षमता वित्त वर्ष 2027-28 तक 6.2 लाख टन बढ़कर 26.7 लाख टन प्रति वर्ष हो जायेगी. कहा है कि इस समकालिक वृद्धि से कंपनी को वित्त वर्ष 2028-29 तक लगभग 35 लाख टन की बिक्री का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी, जिससे अगले तीन वर्ष में बिक्री में दोहरे अंकों की वृद्धि होगी. जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि निर्धारित समय से पहले इंडोनेशिया संयंत्र का चालू होना कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करने और समग्र विकास के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है.


## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्सः +914445644022

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना**

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निदेशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 105625861 | संपत्ति के बदले ऋण | 11.03.2026 | 7,12,762.61/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं के नामः** 1. बालू सिंह देवड़ा 2. संजू कुंवर

**संपत्ति का पताः** म.नं. 63 का वह पूरा टुकड़ा और भाग, कुल क्षेत्रफलः 45 x 70 = 3150 वर्ग फुट, जो सर्वे संख्या 157, पीएच नं. 40, ग्रामः अरोलीया देवड़ा, वार्ड सं.16, तहसीलः नागदा, जिलाः उज्जैन, मध्य प्रदेश-456221 में स्थित है और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में भेरूलाल जी का मकान, पश्चिम में सरदार सिंह का मकान, उत्तर में रास्ता, दक्षिण में कालू सिंह जी का भूखंड।

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी**

**दिनांकः 25.03.2026**
**स्थानः मध्यप्रदेश**

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**


**समाचार विशेष**

# मोदी-वरुण गांधी मुलाकात ने बदली राजनीति की दिशा

## पीलीभीत से टिकट कटने के बाद पहली बार पीएम से मिले वरुण



**नई दिल्ली. बीते कुछ समय से भारतीय जनता पार्टी से नाराज बताए जा रहे वरुण गांधी की एक तस्वीर ने सियासी गलियारों में हलचल तेज कर दी . वरुण गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है जिसे उन्होंने खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया.**

तस्वीर में वरुण गांधी के अलावा उनकी पत्नी यामिनी रॉय और बेटी भी नजर आ रही हैं. इस मुलाकात के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि भाजपा और पीलीभीत के इस गांधी परिवार के बीच जमी बर्फ अब पिघलने लगी है.

वरुण गांधी और भाजपा के रिश्तों में खटास तब और बढ़ गई थी जब पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी ने पीलीभीत से उनका टिकट काट दिया था.वहीं उनकी मां मेनका गांधी भी सुल्तानपुर से चुनाव हार गई थीं. इसके बाद से ही यह परिवार भाजपा के मुख्य आयोजनों और निर्णयों से दूर नजर आ रहा था. राजनीतिक हलकों में चर्चा थी कि क्या वरुण गांधी कांग्रेस या किसी अन्य दल का दामन थामेंगे. लेकिन इस मुलाकात ने उन सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है.

**बंगाल चुनाव और बंगाली कनेक्शन-** पीएम मोदी से वरुण गांधी की इस मुलाकात को आगामी बंगाल विधानसभा चुनावों से भी जोड़कर देखा जा रहा है. दरअसल, वरुण गांधी की पत्नी यामिनी रॉय गांधी मूल रूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली हैं. भाजपा पश्चिम बंगाल में अपनी पैठ मजबूत करने के लिए ऐसे चेहरों की तलाश में है जो वहां की संस्कृति से जुड़ाव रखते हों.

### वरुण गांधी ने शेयर किया ये पोस्ट

वरुण गांधी ने पीएम मोदी के साथ तस्वीर शेयर करते हुए लिखा परिवार सहित श्रद्धेय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से मिलकर उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन पाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ. आपके आभामंडल में अद्भुत पितृवत स्नेह और संरक्षण का भाव है. आपसे हुई भेंट इस विश्वास को और भी दृढ़ बना देती है कि आप देश और देशवासियों के सच्चे अभिभावक हैं.

# भाजपा में दलबदलुओं के लिए दरवाजे बंद

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल की राजनीति में 2026 विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा सियासी मोड़ सामने आया है. तृणमूल कांग्रेस ने अपनी उम्मीदवार सूची में 74 मौजूदा विधायकों के टिकट काटकर संगठन में हलचल पैदा कर दी है. इस फैसले के बाद जहां पार्टी के भीतर असंतोष की खबरें सामने आ रही हैं, वहीं भाजपा ने इस मौके पर अपनी रणनीति साफ कर दी है 'अब नो एंट्री'.खड़गपुर सदर सीट से भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष ने टीएमसी के इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, टीएमसी के विधायक और मंत्री इतने ज्यादा कट मनी खा चुके हैं कि वे इसके आदी हो गए हैं. उन्हें इतनी सुविधाएं मिल गई हैं कि जब टिकट कटेगा तो वे परेशान होंगे. 74 विधायकों के टिकट कट गए हैं, हर कोई नाराज है और आधे लोग टिकट के लिए भाजपा से संपर्क कर रहे हैं.


## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वन मण्डल अधिकारी उप वन मण्डल झाबुआ, वनमण्डल क्षेत्रीय झाबुआ

क्रमांक / सु.रा./ 2026/776 — झाबुआ, दिनांक 23/3/26

**जाहिर सूचना**

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि उप वनमण्डल झाबुआ सामान्य वन मण्डल झाबुआ की परिक्षेत्र थांदला मे निम्न वन अपराध प्रकरण मे वाहन जप्त किया गया है।

| अ. क्रं | रेंज | रेंज केस नंबर | पी.ओ.आर. नंबर | वाहन का प्रकार | वाहन का पंजीयन नं | वाहन का इंजन नं | वाहन का चेचिस नं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | थांदला | 26/2025 | 2013/18 02.12.2025 | महिन्द्रा बोलेरो पिकअप | MP 05 G 7108 | GHD1M13-268 | MA1ZN2GHKE1A12657 |

अतः सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि 30.03.2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में वाहन मालिक / वाहन में हित रखने वाले सभी व्यक्ति उपस्थित होकर वाहन स्वामी के सर्मथन मे संबंधित समस्त वैध अभिलेख / दस्तावेज / साक्ष्य प्रस्तुत करे अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए उपरोक्त जप्तशुदा वाहन को शासन पक्ष मे अधिहरण (Confiscate) किया जावेगा।

प्राधिकृत अधिकारी एवं
उपवनमण्डलाधिकारी झाबुआ (क्षे.)

G27806/25



## आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालयः** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400069.
**पीथमपुर शाखाः** दुकान नंबर DUGF-46 और DUGF-47, संपत्ति नंबर 138 एवं 139, सुदर्शन कॉम्प्लेक्स और संस्कार वैली, महू-नीमच रोड, पीथमपुर, जिला-धार, म.प्र.
**प्राधिकृत अधिकारी : दीपक मालवीय, संपर्क : 7583898990**

**निजी संधि के माध्यम से सरफेसी अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत संपत्ति की बिक्री के हेतु सूचना**

चूँकि आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL) के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत सुरक्षित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। और चूँकि प्राधिकृत अधिकारी ने पहले ई-नीलामी नोटिस जारी किए थे लेकिन कोई सफल बोलीकर्ता को आकर्षित नहीं कर सका, और अब उसने नीचे दी गई सुरक्षित संपत्ति को निजी समझौते के माध्यम से विक्रय करने का फैसला किया है। प्राधिकृत अधिकारी को इस संबंध में कुछ इच्छुक व्यक्तियों से सुरक्षित संपत्ति की खरीद के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। प्राधिकृत अधिकारी एतद्द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 एवं 9 के संदर्भ में उपरोक्त संपत्ति की निजी समझौते के माध्यम से बिक्री के लिए आम तौर पर उधारकर्ताओं को यह नोटिस दे रहा है। खाते का विवरण इस प्रकार है:

| क्रं. | लोन कोड नं. / शाखा | ऋणी/सह-ऋणी का नाम | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | आरक्षित मूल्य (RP) | कुल बकाया ऋण राशि दिनांक 19.03.2026 को | सुरक्षित संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (लोन कोड नं. 05110000466 एवं 05110000517/ पीथमपुर शाखा) | नासीर खान (ऋणी) रुक्शाना बी (सह-ऋणी) | 10-07-2025 & ₹ 11,79,450/- | ₹ 9,00,000/- | ₹ 10,10,387/- & ₹ 3,03,452/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, तल मंजिल श्रीनाथ टाउन भाटखेड़ी रोड, प्लॉट सी-461 का उत्तरी भाग, भाटखेड़ी, तहसील महू, इन्दौर., मध्यप्रदेश-453331 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व- प्लॉट नं. सी-480, पश्चिम- कॉलोनी रोड, उत्तर- प्लॉट नं. सी-460, दक्षिण- समान प्लॉट का शेष भाग |

**यह सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत 15 दिन का बिक्री नोटिस** जो उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता एवं जमानतदार को दिया जाता है कि उपरोक्त वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है और जिसका भौतिक कब्जा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे 'जैसा है जहाँ है', 'जैसी है वैसी है', और 'जो भी है' के आधार पर निजी समझौते के माध्यम से बेचा जाएगा, ताकि आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को देय राशि की वसूली की जा सके।
यदि उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता(ओं) के पास कोई ऐसा खरीदार है जो दी गई आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर सुरक्षित संपत्ति खरीदने के लिए तैयार है, तो उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता(ओं) को **14-04-2026** से एक दिन पहले AHFL को सूचित करना होगा, जिसके बाद AHFL उस खरीदार को वरीयता देगा। यदि उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता(ओं) **14-04-2026** से एक दिन पहले सूचित करने में विफल रहते हैं, तो AHFL ऊपर दिए गए आरक्षित मूल्य पर संपत्ति की बिक्री के लिए आगे बढ़ेगा। यह संपत्ति AHFL को ज्ञात या अज्ञात, सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेची जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकाए के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। क्रेता को अपनी संतुष्टिके लिए संपत्ति (निजी समझौते के माध्यम से बिक्री के तहत) से संबंधित सभी पहलुओं पर उचित जांच पड़ताल करनी चाहिए। क्रेता बाद की तारीख में इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार के खिलाफ कोई दावा करने का हकदार नहीं होगा।
**नीलामी की तारीख 14-04-2026 तय की गई है।**

**स्थान : मध्यप्रदेश, दिनांक : 25-03-2026**

**सही/- प्राधिकृत अधिकारी**
**आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**